## खबर संक्षेप

### आईटी 2.0 एप्लिकेशन का रोलआउट डिजिटल ट्रांस्फार्मेशन की दिशा में एक कदम

**मण्डला।** डाक-विभाग द्वारा अगली पीढ़ी की एपीटी एप्लिकेशन की शुरुआत की जा रही है, जो हमारी डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत उन्नत प्रणाली को मंडला एवं डिंडोरी जिले के सभी डाकघरों में 22 जुलाई से लागू किया जाएगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म के निर्बाध और सुरक्षित संचालन को बनाए रखने के लिए 21 जुलाई को नियोजित अवकाश निर्धारित किया गया है। मुख्य डाकघर मंडला से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार 21 जुलाई को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जाएगा। यह अस्थायी सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए आवश्यक है, ताकि नई प्रणाली को सुचारू और प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। एपीटी एप्लिकेशन को उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर करने, त्वरित सेवा प्रदान करने और अधिक ग्राहक हितैषी इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने की डाक विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विभाग द्वारा आमजनों से अनुरोध किया है कि असुविधा से बचने के लिए अपने डाकघर संबंधी कार्य पूर्व में ही निपटा लें और इस अल्पकालिक व्यवधान के दौरान सहयोग करें।

### जिले में अब तक 958.5 मिमी वर्षा, मंडला तहसील में सबसे अधिक 1082.6 मि.मी. वर्षा दर्ज

**मण्डला।** मंडला जिले में एक जून से 20 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 958.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 20 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में कहीं पर भी बारिश नहीं हुई। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जुलाई तक तहसील मंडला में 1082.6 मिमी, नैनपुर में 980.4 मिमी, बिछिया में 877.2 मिमी, निवास में 1033.9 मिमी, घुघरी में 806.6 मिमी एवं नारायणगंज में 979.5 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 490.2 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील मंडला में 670.2 मिमी, नैनपुर में 679.8 मिमी, बिछिया में 386.4 मिमी, निवास में 468.3 मिमी, घुघरी में 247.1 मिमी एवं नारायणगंज में 500.8 मिमी वर्षा आंकी गई थी।

## लगातार पदौन्नति देकर बनाया गया भण्डार प्रभारी

# भृत्य पर मेहरबान नगर परिषद

*** लगातार लगते रहे हैं अनियमित्ताओं के आरोप।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले की नगर परिषद बम्हनी बंजर लगातार अपने कृत्यों को लेकर सुर्खियों में रही है फिर वह चाहे निर्माण कार्यो में गुणवत्ता के साथ अनदेखी का हो या फिर अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिये नियमों की अनदेखी का हो या शासन के आवंटन पर डांका डालने का रहा हो या नगरवासियों को सुविधा के बदले परेशानी देने का हो इन सब अनदेखियों के चलते जहां नगर के लोग परेशान होते रहे हैं तो वहीं परिषद के अधिकारी, कर्मचारी और इनसे जुड़े अन्य लोग मोटा फायदा उठाते रहे हैं।

पिछले कुछ समय से नगर परिषद बम्हनीबंजर का एक कर्मचारी चर्चाओं में रहा है वजह है कि इस व्यक्ति पर जिस तरह से नगर परिषद प्रशासन मेहरबान रहा है ऐसा उदाहरण कम ही नजर आता है।



### क्या है मामला

बम्हनीबंजर नगर परिषद पर शासन के नियमों की धन्जियाँ उड़ाने का गंभीर आरोप लग रहा है जानकारी के अनुसार यहां पदस्थ एक व्यक्ति जिसकी भर्ती अनुकंपा नियुक्ति के तौर पर भृत्य के पद पर सन 1993 में हुई थी। फिर पदोन्नति कर उसे भृत्य के पद से एल.डी.सी पद पर पदस्थ कर दिया गया पुनः इस व्यक्ति परिषद मेहरबान हुई और उसे एल.डी.सी. पद से पदोन्नति देकर यू.डी.सी. के पद पर पदस्थ कर दिया गया मेहरबानी का यह सिलसिला यही पर नहीं रूका इस व्यक्ति पर पता नहीं क्या आकर्षण था कि पुनः एक बार इसे पदौन्नत किया गया और यू.डी.सी के पद से उसे सहायक ग्रेड प्रथम के पद पर पदोन्नत कर दिया गया।

इस प्रकार नियुक्ति वर्ष 1993 से भृत्य के पद पर रहते हुए नगरीय निकाय में भण्डार प्रभारी के रूप में वर्षों तक काम किया एवं एकाऊंट शाखा में भी काफी वर्षों से ये जमे हुए है। यह एक संदेहास्पद विषय है जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

जानकारी के अनुसार इस व्यक्ति द्वारा नगरीय निकाय के नियमों की अवहेलना कर अपने निकट सम्बन्धी को लाभान्वित किया गया नगर परिषद द्वारा दुकान आंवटन के समय उनके द्वारा अपनों को लाभ पहुंचाया गया इसके गंभीर आरोप लगे हैं। गंभीर विषय है कि व्यक्ति भृत्य के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति के तहत भर्ती हुआ हो और लगातार पदौन्नति पर पदौन्नति प्राप्त करते हुये निकाय के महत्वपूर्ण पद पर आसीन है। जानकारी के अनुसार नगर परिषद के प्रस्ताव पंजी चोरी होने के कारण इनके विरूद्ध स्थानीय थाने में एक एफआईआर दर्ज की गई थी। इनके इसी प्रकार अन्य कृत्यों के कारण इन्हें निलंबित भी किया जा चुका है।

आखिर व्यक्ति विशेष में ऐसी कौन सी बात है जो पदौन्नति पर पदौन्नति मिल ही रही है। इसके साथ-साथ इन्हें नियमों की अनदेखी करने और अपनों को लाभ पहुंचाने की भी छूट मिली हुई है जानकारी के अनुसार इनके भण्डार प्रभारी के पद पर रहते हुए कभी भी भण्डार शाखा का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है और ना ही आज तक भण्डार शाखा का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

इतने वर्षों में इनका स्थानान्तरणा न होना एवं विभाग प्रभारी के पद से परिवर्तन न होना संदेह उत्पन्न करता है। साथ ही इस बात को भी दर्शाता है कि, इनका प्रभाव कितना अधिक है। नगरवासियों ने शासन से मांग की है कि इनके सभी मामलो की निष्पक्षता से जांच कराई जाये और सच को सामने लाया जाये एवं जो भी नियमों की अनदेखी के दोषी हैं उन पर कड़ी कार्यवाही की जाये।

### अनोखी पदौन्नति

*नगर परिषद में अनुकम्पा नियुक्ति के तहत भृत्य के पद पर पदस्थ किया गया और फिर इस पद से पदौन्नत कर एल.डी.सी. पद पर विराजमान किया गया एल.डी.सी. पद से पदौन्नत कर यू.डी.सी. पद पर बैठा दिया गया और फिर यू.डी.सी. पद पर रहते हुये इन्हें भण्डार प्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व दे दिया गया। भण्डार प्रभारी के साथ-साथ नगर परिषद के विभिन्न निर्णयों में भी इनका दखल समझ से परे रहा है।*

## सोनी समाज द्वारा आज निकाली जायेगी कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



श्रावण मास के दूसरे सोमवार को आज नगर के सोनी समाज के द्वारा कावड़ यात्रा निकाली जा रही है यह कावड़ यात्रा सुबह 9 बजे रंगरेज घाट से प्रारंभ होगी रंगरेज घाट में सभी कावड़ियें सुबह के समय एकत्रित होंगे और फिर माँ नर्मदा का पूजन अर्चन कर कावड़ में जल लेकर यहां से व्यास नारायण मंदिर के लिये रवाना होंगे कावड़ यात्रा रंगरेज घाट से प्रारंभ होकर कोष्टा मौहल्ला पहुंचेगी और कोष्टा मौहल्ला से उदयचौक पहुंचकर माँ दुर्गा को प्राणाम करते हुये सराफा बाजार के रास्ते बुधवारी चौक कावड़ यात्रा पहुंचेगी इस दौरान सराफा बाजार में सोनी परिवार के लोगों के द्वारा रास्ते में कावड़ यात्रा का सम्मान भी किया जायेगा बुधवारी चौराहे से कावड़ यात्रा किले घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर पहुंचेगी और यहां पर कावड़ यात्रा का समापन होगा सभी कावड़िये अपनी कावड़ मे लाये नर्मदा जल से भगवान व्यास नारायण का जलाभिषेक करेंगे उसके बाद भगवान भोलेनाथ की महाआरती की जायेगी और प्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम संपन्न होगा। सोनी समाज के अध्यक्ष प्रहलाद सोनी ने सभी समाज के शिव भक्तों से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होने और धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

### बेलघाट आश्रम में रोजाना हो रहा है रूद्राभिषेक

खैरीमाल स्थित माँ नर्मदा कुटीर देव निरंजन सेवा आश्रम बेलघाट में रोजाना भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया जा रहा है अभिषेक श्रावण मास के प्रथम दिन से ही प्रारंभ है जो कि विद्वान शास्त्रियों के द्वारा संपन्न कराया जाता है बेलघाट आश्रम के संत श्री राम भारती जी महाराज ने बताया कि भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक प्रतिदिन सुबह 9 बजे प्रारंभ हो जाता है रूद्राभिषेक में कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है शर्त यह है कि उसे समय पर पहुंचना होगा साथ ही भारतीय परिधान धारण करना होगा सामग्री लाने का कोई बंधन नहीं है अभिषेक की सभी सामग्री महाराज जी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है रूद्राभिषेक के बाद भोजन प्रसादी भी आश्रम में ही प्राप्त हो रही है।





**मण्डला।** बारिश के इस मौसम में चूंकि मछलियों का प्रजनन काल चल रहा होता है यही कारण है कि मत्स्याखेट पर प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगा दिया जाता है यह प्रतिबंध आगामी 15 अगस्त तक जारी रहेगा इस दौरान नदी, तालाबों और जल स्त्रोतों में मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा शासन-प्रशासन के इस प्रतिबंध के बावजूद देखा जा रहा है कि रपटा घाट जहां पर कि शासन-प्रशासन के लोग पूरे समय मौजूद रहते हैं अथवा उनकी निगरानी रहती है वहां पर खुलेआम जाल डालकर मत्स्याखेट किया जा रहा है जो कि उचित नहीं है इस पर क्या प्रशासन ध्यान देगा।

## साईं मंदिर में किया जा रहा रूद्राभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर

बम्हनी नगर में स्थित श्री शिव सांई सिद्धेश्वर धाम मंदिर में श्री सत्य साईं बाबा जी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्री सत्य साईं सेवा समिति द्वारा रुद्रीनिर्माण एवं रूद्राभिषेक प्रतिदिन सुबह 11:30 बजे से कार्यक्रम किया जा रहा है। इस दौरान शिव साई मंदिर परिसर में हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो रहे हैं। धार्मिक आयोजन पूरे सावन माह तक चलेगा। पंडित डीके दुबे ने विधि विधान से माँ गौरी, भगवान गणेश, नव ग्रह पूजन कराया। इसके बाद पार्थिव शिवलिंग का पूजन कराया गया। यहां पार्थिव शिवलिंग बनाकर महिलाओं ने मंत्रोच्चार के साथ जल, दूध, दही, शहद से शिव जी का अभिषेक किया। बताया गया कि श्री शिव साई सिद्धेश्वर मंदिर में 13 अगस्त को समापन के दौरान हवन-पूजन कर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति ने भक्तगणों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मंदिर पहुंचकर रूद्राभिषेक कर पुण्यलाभ अर्जित करें।

**आयोजन** | **विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट के साथ दिया गिफ्ट वाउचर।**

# किंगफिशर ग्रुप द्वारा छात्रों का सम्मान

*** ज्ञानदीप शाला में हुआ आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शिक्षा को बढ़ावा देने, छात्रों में स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा पैदा करने, अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने के मकसद से किंगफ़शिर ग्रुप द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 जुलाई, शनिवार को ज्ञान दीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल मंडला में कक्षा पहली से बारहवीं तक कक्षा में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाण पत्र और गिफ्ट वाउचर देकर सम्मानित किया गया। ये गिफ्ट बाउचर किंगफ़शिर के सभी आउटलेट जैसे मल्टीप्लेक्स, वाटर पार्क, रंगोली व डॉलफिन रेस्टोरेंट में एक साल तक वैलिड रहेगा।

ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। अतिथियों के स्वागत के बाद मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल पहनकर सम्मानित करने के साथ-साथ सर्टिफिकेट और गिफ्ट वाउचर प्रदान किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्ञान दीप स्कूल का संचालन करने वाली संस्था, मंडला कॉलेज एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सचिव रोटेरियन संजय तिवारी ने कहा कि आज किंगफिशर ग्रुप द्वारा स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। इसमें किंगफिशर ग्रुप के संचालक अधिवक्ता मनोज फागवानी खुद मौजूद है। साथी उन्होंने स्कूली छात्राओं को अवगत कराया कि मनोज फागवानी को हाल ही में कलेक्टर द्वारा मंडला कॉलेज एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी का कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। इस लिहाज से आज में संस्था में उनका स्वागत भी करता हूं और उनके द्वारा छात्राओं के लिए जो सम्मान समारोह आयोजित किया गया है उसके लिए आभार प्रदर्शित करता हूँ।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किंगफिशर ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर व जिले के प्रसिद्ध अधिवक्ता मनोज फागवानी ने कहा कि ज्ञानदीप स्कूलों में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित करते हुए काफी खुशी हो रही है क्योंकि यह मेरा स्कूल है। मेरे द्वारा यहां 10वीं तक की पढ़ाई की गई है और अपने जीवन के स्वर्णिम काल यहां व्यतीत किए गए हैं। आज इस कार्यक्रम को आयोजित कर करने और यहां उपस्थित होने में मुझे जो खुशी हो रही है उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। उन्होंने छात्र - छात्राओं से कहा कि वह मन लगाकर पढ़ाई करें। अपना लक्ष्य निर्धारित करें और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरा परिश्रम करें ताकि वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान मंडला कॉलेज एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के उपाध्यक्ष अजय खोत, ज्ञान दीप स्कूल के प्राचार्य रफ़ीक खान, श्रीमती तपोशी सिंह, किंगफ़शिर ग्रुप के महाप्रबंधक महेश सिंह रावत, सहायक महाप्रबंधक सी.के. जोशी, मार्केटिंग हेड सचिन ठाकुर, अमित सोनी, पीआरओ अमित मिश्रा, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव ऋषभ केवट के साथ - साथ ज्ञान दीप स्कूल के शिक्षकगण और छात्र - छात्राएं उपस्थित थी।

## राजीव कॉलोनी की तसला फैक्ट्री में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

'नशे से दूरी, है जरूरी' अभियान के अन्तर्गत पुलिस विभाग द्वारा पूरे पखवाड़े में विशेष कार्यक्रम किये जाने हैं। इसी कड़ी में नगरीय क्षेत्र से लगी राजीव कॉलोनी की तसला फैक्ट्री में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों और श्रमिकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और उन्हें एक स्वस्थ व नशामुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान फैक्ट्री के वर्कर्स और कर्मचारियों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक हानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह पहल नशा मुक्त समाज के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में सभी को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

'नशे से दूरी, है जरूरी' अभियान के अन्तर्गत थाना टिकरिया पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में आशा कार्यकर्ताओं को नशे के दुष्प्रभावों के विषय में अवगत कराया तथा उनसे समाज के लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस दौरान मौजूद आशा कार्यकर्ताओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

## खबर संक्षेप

### बाबा ताज के उर्स पर हुआ लंगर का वितरण



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय नए बस स्टैंड के पास बाबड़ी दरगाह शरीफ पर हजरत बाबा ताजुल औलिया के 103 वा सालाना उर्स मुबारक के मौके पर लंगर खीर प्रसादी का वितरण किया गया। बताया जाता है कि बाबा ताज के चाहने वालो ने यह आयोजन कर दरगाह के सामने अकीदत के साथ जायरीनों को लंगर तकसीम किया गया। इस मौके पर गुड्डू फल वाले, सादाब खान, इसरार खान चंदू, शानू खान, सोहेल, आरिफ सोहेब, हमीद, डब्बू मिस्त्री, साकिर, सलमान खान सहित अनेको युवाओ ने उर्स मुबारक की फातेहा दुआ में शिरकत कर इस आयोजन को कामयाब किया। बाबड़ी दरगाह पर जामा मस्जिद की पेश इमाम हाफिज जुबेर आलम साहब ने वतन की खुशहाली व तरक्की अमनो अमान एकता भाईचारे के लिए दुआए की गई।

### पैसा न देने की बात पर पोते ने अपनी दादी के साथ की गई मारपीट



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। कहा जाता है कि बेटे से अधिक लाड़ला नाती होता है। मगर इस कलयुग में कुछ नाती इस तरह से देखने मिल रही है कि अपनी वृद्व दादी की सेवा करने की जगह उनके साथ मारपीट करने से नही चूक रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर में देखने मिली है जहां पर पोते ने अपनी वृद्व दादी सहित चाची के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कल्याणपुर निवासी एक वृद्व महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसका बड़े पुत्र के बेटा आशीष कुशवाहा आया और बोला की मेने घर में बिजली फिंटिग कराई है पैसा चाहिये। इस बात पर प्रार्थिया ने अपने नाती से कहा कि बेटा मेरे पास पैसा नही है। इसी बात को लेकर आरोपी नाती द्वारा अपनी दादी को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट की गई तो उसी दौरान प्रार्थिया के दूसरे बेटे की बहू यानि की आरोपी की चाची बीच बचाव करने आई तो आरोपी द्वारा उसके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर वृद्व दादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नाती के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### कार की टक्कर से पहुंची चोट

हरिभूमि न्यूज/चीचली। समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बम्होरी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में अपनी मोटर साईकिल एच.एफ. डीलक्स क्रमाँक MP49/ZG/3515 चीचली जा रहा था। उसी दौरान जब मेरी मोटर साईकिल एनटीपीसी पैराडाईस होटल के समपी पहुंची तो सामने से आ रही कार क्रमाँक MP49/C/7106 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी कार को चलाते हुये प्रार्थी की मोटर साईकिल में टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थी सहित उसके साथ मोटर साईकिल पर बैठे हुये आनंद कौरव को चोटे आने पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### गुहटों की भरमार से दहशत में बच्चे


हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। भले ही शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में हर साल करोडो रूपया खर्च करते हुये स्कूलों को हाई टेक करने के साथ भवनों के निर्माण को सुन्दर से अति सुन्दर बनाया जा रहा है। मगर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाये जाने वाले इन शिक्षा भवनों की जगह चिन्हित किये जाने के दौरान होने वाली अनदेखी का परिणाम होता है कि बारिश के दिनों में शिक्षण संस्थाओं के अंदर जहरीले कीट अवपस डेरा जमाने से नही चूकते है। क्योंकि अनेक शिक्षण संस्था इस तरह के स्थानों पर निर्मित की गई है वह गांव से बाहर होने के साथ साथ उस क्षेत्र में फैली हुई झाडियों के बीच आये दिन बीषधरों की चहल पहल बनी रहती है।

# दादा धूनी वालों की नगरी की सड़कों से लेकर झिकोली पुल के ऊपर आवारा चौपाये की धमाचौकड़ी से स्कूली छात्र छात्राओं सहित वाहन चालक परेशान, हादसे की आशंका











हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।

भले ही नगर परिषद प्रशासन द्वारा शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण को सफल बनाने के लिये शहर की दीवारों पर सुन्दर लेखन कराते हुये नई नबेली दुल्हन की तरह सजाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। वही दूसरी ओर नगर के मुखिया द्वारा नगर विकास की सोच के तहत कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते नगर परिषद लगातार सफलताओं की ओर अग्रसर होते हुये अपना नाम रोशन करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। मगर दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शहर की सड़को से लेकर शासकीय कार्यालयों में आमजन के जीवन को खतरा पैदा करने वाले आवरा पशुओं की मटर गस्ती में अंकुश लगाने में असफल रहने के कारण शहर की सुन्दरता को ग्रहण तो लग ही रहा है दूसरी ओर आमजन की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक रहा है..? बरसात का मौसम हो या फिर गर्मी चाहे ठंड का मौसम मगर आवारा पशुओं को अक्सर सड़को पर ही देखा जाता है। अब चाहे वह गाय हो या फिर भैस, कुत्ता, बकरी या अन्य चौपाये जो नगर की सड़कों पर ही नजर आते है...? इसकी वजह यह होती है कि इन आवारा चौपायो को विपरीत मौसम में छिपने छिपाने के स्थानों का अभाव होता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि चल रहे बारिश का मौसम में जहां यह पशु रात के समय सड़क किनारे लगे हुये पेड़ो के नीचे आराम फरमाते हुये देखे जाते है तो सुबह होते ही सड़को के बीचो बीच भ्रमण करते हुये आमजन के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक रहे है? इस स्थिति के चलते सबसे अधिक परेशानियों का सामना स्कूल छात्र छात्राओं सहित वाहन चालकों को करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि यह चौपाये कई बार दुर्घटनाओं का कारण बनते है। इस प्रकार से नगर की सड़को पर अपना साम्राज्य स्थापित करने वाले इन पशुओं पर अंकुश लगाने के लिये अनेको बार मांग की जा चुकी है। परंतु शायद इसकी परवाह किसी को नही रहती जो इस समस्या से लोगों को निजात दिलाने का जिम्मा उठा सके..? वैसे भी गौर किया जावे तो इस प्रकार से आवरा पशुओं से नगर में फैल रही अव्यवस्था के लिये काफी हद तक वे पशु मालिक भी जिम्मेदार है..? जो अपने पशुओं को घी दूध खाने के लिए पालने का शौंक तो करते है मगर और इसके बाद उन्हें आवारा सड़को पर घूमने के लिए छोड़ देते है जो आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा साबित होने से नही चूकते है। वही लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन इस ओर सख्त कदम उठाते हुए पशु मालिकों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने की शुरूआत कर दे तो निश्चित तौर से इन आवारा पशुओं पर अंकुश लग सकता है। मगर अभी तक इस प्रकार की कोई ठोस कार्यवाही नही होने का परिणाम है कि पशु मालिको के हौसले बुलंद है और यही कारण है कि यह समस्या हमेशा बनी रहती है। क्योंकि शहर में है आवारा चौपायों की फौज नगर की अधिकांश सड़कों पर डेरा जमाये रहती है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के मुख्य मार्ग के आलवा, पुलिस थाना परिसर, झिकोली मार्ग के आलवा नर्मदा पुल सहित गाडरवारा की ओर जाने वाले मार्ग, शमशान घाट, शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र के पास, जनपद कार्यालय के समीप सहित क्षेत्र के अन्य गांवों को पहुंचने वाले मार्गो सहित अनेक मुख्य मार्ग पर तो इनका जमावडा हमेशा ही बना रहता है। जबकि गौर किया जावे तो नगर के मुख्य मार्ग जो स्टैट स्तर का माना जाता है। इस मार्ग पर तो इनका आतंक इस तरह होता है कि इनके आतंक के चलते आम आदमी की बात तो दूर वाहन चालकों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी कभी तो स्थिति यह तक देखने मिलती है कि जब पशु आपस में लडते हुए वाहन से टकरा जाते है तो वाहन चालक घायल तक हो जाते है। गली मुलल्लो में सुअरों का आतंक-आवारा गाय, बैल जहां नगर की सड़कों में आतंक मचाते हुए घूम रहे है। वही नगर के गली मुहल्लों में सुअरों का आतंक भी काफी हद तक देखने मिल रहा है जहां ये सुअर लोगों को नुकसान पहुंचाते है। वही इनकी आवरगी से बीमारियां बढ़ने की पूरी संभावना है..? वैसे भी देखा जावे तो इस मौसम में जिस प्रकार से मौसमी व गंभीर बीमारी का भय बना हुआ है, उसके चलते इन सुअरों का आतंक खासतौर पर आवारा सुअर नगर के अन्य स्थानों स्वान फलु जैसी बीमारी को आमंत्रण देने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? कुत्तों की फौज द्वारा भी मचाया जा रहा आंतक- वही दूसरी ओर नगर की आम जनता आवारा पशुओं के साथ साथ नगर में जहां तहां दर्जनों की संख्या में भ्रमण करने वाली कुत्तो की फौज से भी परेशान होने से नही बच पा रही है। इस प्रकार से नगर के प्रमुख मार्गो से लेकर कालोनियों व मुहल्लों में घूम रही कुत्तों की फौज के चलते देखा जा रहा है कि नगर की गलियों से लेकर कालोनियों में दर्जन भर से अधिक कुत्तों की यह फौज इन दिनों नगर की सड़कों पर आंतक मचाये हुये है। इनकी धमाचौकड़ी से जहां राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है वही महिलाये, बच्चे इनसे अतंकित होते हुये देखे जा रहे है, अनेकको बार देखा जाता है कि जब लोग रास्तों से निकलते होते है तो यह कुत्ता उन्हें काटने से भी नही चूकते है। इस स्थिति में अपने स्कूलों को आने जाने वाले मासूम बच्चों को रास्तों से निकलने में दहशत की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पा रही है? इस प्रकार से नगर में लगातार बढ़ रहे आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी सहित सुअरो व कुत्तो के आम लोगों द्वारा प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये मांग की गई है कि वह उचित कदम उठाते हुये कोई ठोस कार्यवाही की जावे जिससे आम लोगों में लगातार फैल रही दहशत से निजात मिल सके।





## मंत्री श्री सिंह ने बाबई खुर्द में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नवांकुर संस्था बसुरिया के साथ किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।

प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने रविवार को चीचली विकास खंड के अंतर्गत ग्राम बाबई खुर्द में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद् विकासखण्ड चीचली के तत्वाधान में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया सेक्टर क्रमांक 2 के द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाबई खुर्द में शामिल होकर पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने यहां लाल चंदन का पौधा रोपा गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जयनारायण शर्मा ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत परिषद की नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, सी.एम.सी.एल.डी.पी. पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं व विद्यार्थियों, स्वैच्छिक संगठनों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों और आम नागरिकों के सहयोग से माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2025 में 51 हजार पौधों का रोपण किया जायेगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नवांकुर संस्था व हरदौल जनसेवा समिति सबुरिया, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाबाई खुर्द में यह पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों, वरिष्ठ व गणमान्यजन रामनारायण बड़कुर, जिला मंत्री जयप्रकाश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य डां योगेश कौरव, नगर परिषद् पार्षद जितेन्द्र राय, अमरीश राय, राजीव राय, पाराग तिवारी, नरेश चौकसे, गजराज रुहेला, यशवंत पटेल, रामदयाल पटेल, कीरत सिंह गुर्जर दद्दा भैया, मंडल अध्यक्ष सुरेश मामूलिया, पूर्व कामता प्रसाद वर्मा, चिंतामन पटेल, भगवान दास पटेल, गुड्डा पटेल, हृदेश पटेल, पार्षद हक्के लाल, कोदू लाल, अरविंद चौधरी सहित जनअभियान नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिती बसुरिया के सदस्य एवं बाबई खुर्द ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों तथा प्रशासनिक अधिकारी व नवांकुर संस्था से रामेश्वर वर्मा, रामकृष्ण राजपूत, चित्रकांत पटेल ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाबई खुर्द अध्यक्ष गुलाब पटेल, सचिव अभिषेक पटेल व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शक्कर नदी में रील बनाने गये तीन किशोरों में से एक गहरे पानी में डूबा, लगातार खोज किये जाने के बाद भी नहीं चला कोई पता





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

मोबाईल की दुनिया में युवा व किशोर इस तरह से बेभूल होकर रील बनाते हुये देखे जा रहे है कि उन्हें अपनी जीवन की सुरक्षा का भी ध्यान नही है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये रविवार को नगर में उस समय देखने मिली जब शहर की जीवन रेखा माने जाने वाली शक्कर नदी में तीन किशोर रील बनाने के लिये गये हुये थें। इस दौरान किशोर गहरे पानी में डूब गया। घटना के संबंध में डूबे हुये किशोर के साथ गये अन्य दो दोस्तों द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि नीतेश पिता नारायण कोरी उम्र लगभग 17 साल, कान्हा पिता अन्नु कुर्मी व मयूर पिता मनोज कुर्मी तीनों हम शहर की शक्कर नदी केकरा रोड डमरू घाटी के पीछे नदी किनारे रविवार को सुबह लगभग 11 बजे अपने मोबाईल से रील बनाने के लिये गये हुये थें। इस दौरान नीतेश पिता नारायण कोरी नदी में नहाने लगा तो अचानक गहरे पानी में डूब गया। इस तरह नीतेश के डूबने पर इन साथी बच्चों ने मदद के लिये लोगों को आवाज दी गई तो वहां मौजूद कुछ मछअरों द्वारा डूबे हुये किशोर की खोजबीन की गई मगर कोई पता नही चलने के कारण इन बच्चों द्वारा घटना की सच्चाई से अपने परिजनों व नीतेश के परिवार के लोगों को अवगत कराये जाने पर घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इस तरह नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तुरंत मौके पर स्थानीय स्तर के तैराकों लेकर पहुंचे और डूबे हुये किशोर की नदी में खोजबीन शुरू कराई गई। मगर समाचार लिखे जाने तक किशोर का कोई पता नही चल पाया है। इस सच्चाई से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने के चलते जिला स्तर से तैराकों की टीम भेजकर नदी में डूबे हुये किशोर की खोजबीन शुरू कराये जाने की तैयारी की गई। वही दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलते हुये तहसीदार प्रियंका नेता सहित अन्य राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों टीम भी मौके पर मौजूद रहते हुये शक्कर नदी में डूबे हुये किशोर की खोजबीन में जुटी हुई देखी गई। इस तरह किशोरों में रील बनाने का जो माहौल देखा जा रहा है वह निश्चित चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रहा है।

## लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न, नव नियुक्त अध्यक्ष को सौंपी समाज सेवी की बागडोर





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

समाज सेवा के क्षेत्र में सदा ही अग्रणी रहने वाली संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल 3233C 2024-25 का बीते हुये दिवस शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। बताया जाता है कि इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में लाइन नरेंद्र कुमार जैन पूर्व डिस्टिक मौजूद रहे। वही इस मौके पर लाइन श्रद्धा साहू रीजन चेयरपर्सन जबलपुर, लाइन नीलम खरे जॉन चेयर पर्सन के आलवा आशा सोनी, लाइन माया खजांची के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लाइन उमेश जैन कोऑर्डिनेटर, शिवाकांत मिश्रा नगर पालिका अध्यक्ष की नोट स्पीकर रहे। वही लाइन यशवंत सिन्हा सेंगर शपथ अधिकारी के रूप में मौजूद थें जिन्होंने समस्त क्लब मेंबर्स को उनके उत्तरदायित्व की सजगता से शपथ दिलाई गई। एमजीएफ लाइन उषा देवी, सर्वलाइन सविता बड़कुर, कामिनी निगम संचित सोनी, मेंबरशिप डायरेक्ट ममता पांडे, टेमर सरोज नामदेव पीआरओ, आशा सोनी क्लब एडमिनिस्ट्रेशन, लाइन के और स्प्रे क्लब मीटिंग पकम्युनिकेशन एवं कोषाध्यक्ष संगीता चौधरी, मनजीत नागपाल प्रथम उपाध्यक्ष, पीएस तिवारी द्वितीय उपाध्यक्ष, अनीता जायसवाल तृतीय उपाध्यक्ष, लाइन बृजेश पटेल ने सचिव पद ग्रहण किया गया। इस आयोजन में सबसे महत्वपूर्ण एवं कोष का भार एमएलआरसी ने वर्ष भर के कार्यकाल लेखा जोखा नेतृत्व की दीपिका जिसके हाथों में सौंप गई। वही लाइन मधुमती चौहान ने सभी मेंबर्स ने लाइन मेल्विन जॉन्स को साक्षी मान शपथ ली गई। इस मौके पर उषा पाराशर, परमेश्वर कुशवाहा दो नए मेंबर के रूप में शपथ ली। वही इस आयोजन के दौरान लाइन कामिनी निगम ने मंच संचालन किया तो अतिथियों के प्रति आभार सविता बड़कुर द्वारा व्यक्त किया गया। वही लाइन आशा सोनी ने सभी मेंबर्स एवं अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। लाइन श्रद्धा साहू ने क्लब स्तर एवं लाइन बाद की महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। इस मौके पर सभी में मंचा पर मौजूद अतिथियों ने अपने-अपने विचार रखे गये। वही दूसरी ओर कार्यक्रम के अंत में पांच पौधो का रोपण करते हुये पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये राष्ट गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सांईखेड़ा पुलिस द्वारा पकड़ा गया जुंआ आरोपियों की संख्या सहित जप्त राशि को लेकर बना चर्चा का विषय, सच्चाई का पता करने पर बौखलाया पुलिस कर्मी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

निश्चित तौर से जब पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही की जाती है तो पत्रकारों द्वारा उसकी सच्चाई जानने का प्रयास किया जाता है। मगर उस सच्चाई को लेकर यदि पुलिस कर्मियों में बौख लाहट देखने मिले तो संपूर्ण कार्यवाही पर अपने आप ही सबाल खड़े होने से नही चूक पाते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस सांईखेड़ा पुलिस द्वारा नगर के मवेशी बाजार में लगी हुई एक दुकान के अंदर पकड़े गये जुंआ को लेकर देखने मिल रही है..? इस तरह पुलिस द्वारा पकड़ा गया हुये जुंआ के दौरान आरोपियों की संख्या सहित जप्त की गई राशि को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? कुछ प्रत्यक्षदार्शियों की माने तो सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा सांईखेड़ा मवेशी बाजार में लगी हुई एक दुकान में चल रहे जुंआ के अवैध कारोबार पर छापा मारा गया तो काफी समय तक पुलिस दुकान की शटर को बद रखे रही और जब आरोपियों को थाने लेकर गई तो उनकी संख्या में गिरावट देखने मिली। वही इस संबंध में जब कुछ पत्रकारों ने इस कार्यवाही की सच्चाई



की जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो इस कार्यवाही में शामिल एक पुलिस कर्मी की बौखलाहट सहित व उसके द्वारा किये गये व्हार ने लोगों की बीच फैली हुई चर्चाओं को बल देने में कोई कसर छोडी गई है..? वैसे भी देखा जावे तो कुछ दिनों से सांईखेड़ा थाना क्षेत्र जुंआ सट्टा के अवैध कारोबार को लेकर यहां पदस्थ कुछ सिंगल ताराधारी अधिकारियों व तथा कथित पुलिस कर्मियों के चलते चर्चा का विषय बनने के साथ साथ थाना प्रभारी के प्रयासों को ग्रहण लगाने से नही चूक रहा है..? क्योंकि हाल में हुये फेर बदल के बीच इस थाने में आमद देने वाले सिंगल ताराधारी अधिकारी व पुलिस कर्मी चंद दिनों में ही लक्ष्मी पुत्र बनने की सोच रखते हुये जिस तरह की कार्यशैली अपनाते हुये देखे जा रहे है, वही खाकी की गर्मी को भूमिल करते हुये प्रतीत होने से नही चूक रहा है..? वैसे भी देखा जावे तो इस समय थाना प्रभारी के अवकाश पर होने के चलते सिंगल तारे से लेकर तथा कथित पुलिस कर्मियों की चारो अंगुली घी में दिखाई देने से नही चूक रही है..? आमजन के बीच पुलिस के व्यवहार का हाल तो इस पुलिस कर्मी की कार्य प्रणाली इस तरह से देखने मिल रहा है कि मानों वह इस पुलिस थाने में मात्र एक पहरेदार न होकर अपने आपको प्रभारी दिखाने का प्रयास कर रहा हो..?

## पंचायत द्वारा बनाये गये डेम को तोड़ने वाले पर हुआ मामला दर्ज, सरपंच द्वारा की गई थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज/चीचली।

शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ यदि शासन सख्त रवैया अपनाते हुये कार्यवाही कराने लगे तो इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि लोग किसी भी शासकीय संपत्ति में हाथ लगाने के पहले अनेको बार सोचने के लिये मजबूर हो जावेगे..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये समीपस्थ ग्राम हीरापुर ग्राम पंचायत में देखने मिला है जहां पर पंचायत द्वारा लगभग 13 लाख से अधिक की राशि से बनाये गये डेम को तोड़ने वाले पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया है। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पंचायत हीरापुर के सरपंच रणजीत पिता डोरी लाल कौरव द्वारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया गया था कि वर्ष 2023 में ग्राम



पंचायत द्वारा महात्मा गॉधी रोजगार गारंटी योजना के तहत गहरा नाला पर पानी रोको अभियान के तहत शासन द्वारा किसानों को पानी की व्यवस्था एवं मानव प्राणियों सहित जीव जंतुओ को पीने के लिये पानी की व्यवस्था हेतु लगभग 13 लाख 37 हजार 470 की लागत से 700 मीटर लम्बा, 13 मीटर चौड़ा व 4 फुट गहराई वाला चेक डेम बनाया गया था। जिसमें सदा ही पानी भरा रहता था। मगर बीते हुये दिवस गांव के ही मालक सिंह पिता हाकम सिंह कौरव द्वारा कुदारी फावडा से चेक डेम में तोड़ फोड किये जाने के चलते जहां उसका पूरा पानी बह गया। वही पंचायत की संपत्ति को क्षति पहुंची है। इस तरह पंचायत व शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने पर पुलिस ने ग्राम पंचायत सरपंच की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**खबर संक्षेप**

## किसानों को खाद की किल्लत से नहीं मिल रही निजात

**राजेन्द्रग्राम।** जनपद छेत्र के किसी भी सहकारी समितियों में खाद नहीं मिल पा रहा है किसन सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं। किसानों को धान रोपाई के लिए खेतों में डालने के लिए डीएपी खाद की जरूरत है लेकिन खाद नहीं मिल पा रही है बाजार में महंगे दरों में खाद मिल रही है। किसानों को सरकार द्वारा बिना ब्याज के खाद, बीज एवं पैसे कर्ज में दिया जाता है। जिसका कागज लिखने के लिए सहकारी समिति भेजरी में पदस्थ प्रबन्धक सत्य नारायण पाण्डेय द्वारा किसानों से दो सौ रुपए लिया जाता है ऐसा किसानों ने बताया है। किसानों का कर्ज तो बना दिया गया है लेकिन आज तक ना पैसा किसानों के खाते में डाला गया। न ही खाद मिल पा रही है किसानों की पीड़ा ना तो प्रशासन समझ रही है ना ही जनप्रतिनिधि धान के रोपाई का समय निकलता जा रहा है किसान हर रोज सहकारी समितियों और खाद गोदाम में आकर बैठे रहते हैं खाद नहीं मिल पा रही है सिर्फ तारीख पर तारीख मिल रही है।

## बुढार के अरझुली से खोह पहुंचे चार हाथी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** चार प्रवासी हाथियों का समूह शहडोल जिले के शहडोल एवं बुढार वन परिक्षेत्र की सीमा के क्षेत्रों में निरंतर विचरण करते हुए रविवार की सुबह वन परिक्षेत्र बुढार के खोह बीट के जंगल में पहुंचकर दिन में विश्राम कर रहे है। यह इलाका अनूपपुर जिले के अनूपपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत बड़हर बीट एवं बड़हर गांव के जंगल से लगा हुआ है जिससे रविवार की देर रात चारों हाथियों के बडहर गांव के इलाके में पहुंचने की संभावना बन रही है। इस दौरान बुढार एवं अनूपपुर वन परिक्षेत्र के वन अधिकारी कर्मचारी हाथियों के विचरण पर नजर बनाए रखते हुए हाथी विचरण क्षेत्र के संभावित इलाकों के ग्रामीणों को शाम होते ही सुरक्षित स्थलों पर रहने की सलाह मुनादी एवं अन्य माध्यमों से की है। विदित है कि चार हाथियों का समूह विगत 14 जून को कई दिनों तक छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके में विचरण करने बाद एक बार फिर से अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में प्रवेश कर निरंतर जैतहरी, अनूपपुर, राजेंद्रग्राम से डिंडोरी जिले से उमरिया जिले के घुनघुटी, शहडोल जिले के शहडोल एवं बुढार वन परिक्षेत्र एवं तहसीलों के ग्रामीण अंचलों में दिन के समय वन एवं राजस्व के जंगलों में ठहरने बाद देर रात होने पर ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के घरों मे तोड़फोड़ कर, खेत, बाडियों में लगे एवं रखें विभिन्न तरह के खाने की सामग्रियों को अपना आहार बनाते हुए शनिवार की देर रात वन परिक्षेत्र बुढार के अरझुली बीट अंतर्गत अरझुली गांव के गर्जनटोला में ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ करते हुए अंदरूनी क्षेत्र से तुर्री, दलान होकर रविवार की सुबह वन परिक्षेत्र बुढार के खोह बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। यह क्षेत्र अनूपपुर जिले के अनूपपुर तहसील एवं वन परिक्षेत्र के बड़हर गांव एवं वन बीट के जंगल से लगा हुआ है जिस कारण देर शाम एवं रात को बड़हर क्षेत्र में पहुंचकर विचरण करने की संभावना बन रही है। हाथियों के निरंतर विचरण पर वन परिक्षेत्र बुढार एवं अनूपपुर के वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी हाथियों के विचरण पर निरंतर निगरानी करते हुए देर रात के समय हाथियों के संभावित विचरण क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क एवं सावधान रहते हुए देर शाम होते ही बीच बस्ती में सुरक्षित स्थान पर रहने की अपील मुनादी एवं अन्य माध्यमों से की है। एक बार फिर से हाथियों के अनूपपुर जिले में प्रवेश होने की संभावना पर प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत एवं परेशान हो रहे हैं क्योंकि एक तरफ बरसात का समय होने गांव के टोला, मोहल्ला में कच्चे-कच्चे मकान होने खेतों में खेती-बांड़ी करने का समय होने पर फिर से हाथियों के द्वारा संपत्तियों के नुकसान किए जाने की आशंका को लेकर ग्रामीण चिंतित है।

# डिंडौरी जनपद पंचायत में मनरेगा में भारी भ्रष्टाचार

**उपयंत्री, सहायक यंत्री घर बैठे कर रहे मूल्यांकन और भौतिक सत्यापन**

## लगभग 12 लाख के मटेरियल का मूल्यांकन सत्यापन कर मनरेगा पोर्टल पर दर्ज किया, पहली बारिश में ढही 15 लाख की पुलिया..?




**डिंडौरी न्यूज ।** विगत दिनों कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम पंचायत चटुवा का औचक निरीक्षण करते हुए वर्तमान में कराए गए निर्माण कार्यों की निरीक्षण करने की मंशा जाहिर की तब सहायक यंत्री बिजेंद्र सारीवान ने कलेक्टर को भ्रमित करते हुए पूर्व वर्षों में कराए पुलिया का निरीक्षण करा दिया, जब कलेक्टर ने ग्रामीणों से जानकारी ली तो उन्होंने सहायक यंत्री के दावों की पोल खोलते हुए बताया कि पुलिया दो वर्ष पहले बनाया गया था। कार्य प्रारंभ होकर पूर्ण हो जाता है तब भी अधिकारी निरीक्षण करने मौके पर नहीं जाते जिससे निर्माण कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार और बंदरबाट चरम पर है। किस तरह डिंडौरी जनपद पंचायत का तकनीकी अमला घर बैठे ग्राम पंचायतों के कार्यों का गुणवत्ता और तकनीकी मापदंडों को पूरा करा रहें हैं इसके एक नहीं बल्कि अनेक उदाहरण सामने है। डिंडोरी में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन की लूट थमने का नाम नहीं ले रही है, जिसकी बानगी ग्राम पंचायत सिलहरी में देखी जा सकती है, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत करीब 15 लाख रुपये की लागत से बनी पुलिया पहली ही बारिश में ढह गई, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव और उपयंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जनपद सदस्य ममता देवी मरावी ने बताया कि "निम्हा नाले पर बनी इस पुलिया में तय मानकों की पूरी तरह अनदेखी की गई। पुलों को आड़ा-तिरछा रखकर ढलाई की गई, साइड वॉल छोटी बनाई गई और पुलिया के ऊपर कांक्रीट न डालकर मिट्टी और मुरम से काम पूरा कर दिया गया।" पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के बाद अब जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार पर परदा डालने के लिए फिर से मिट्टी-मुरम डालकर लीपापोती करने में जुटे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि महिला जनपद सदस्य के विरोध के बावजूद पंचायत में वित्तीय अनियमितताएं जारी हैं और जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय भ्रष्टाचारियों के संरक्षक बने हुए हैं। अब सवाल उठता है कि जब स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण इतने स्पष्ट तौर पर अनियमितताओं की शिकायत कर रहे हैं, तब भी क्यों जिम्मेदारों की ओर से कोई कठोर कदम नहीं उठाया जा रहा? आखिर किसकी रहमत से ऐसे लोग बेखौफ सरकारी धन का दुरुपयोग करते जा रहे हैं?

### तकनीकी मापदंडों को ठेंगा, चाहते सप्लायर के बिल से कमीशन

ग्राम पंचायत सिलहरी में पुलिया निर्माण निमहा नाला के नाम पर लगभग 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत किया गया है, निर्मित एजेंसी और उपयंत्री कमलेश धूमकेती द्वारा उक्त प्राक्कलन में प्रावधानित मटेरियल की राशि लगभग 12 लाख रुपए मूल्यांकन किया गया जिसे सहायक यंत्री बिजेंद्र सारीवान द्वारा सत्यापित कर मनरेगा पोर्टल में भुगतान हेतु दर्ज किया गया है। जबकि मापदंड के अनुसार न तो साइडवाल बना है, न ही की वाल बनाया गया है, ग्रामीणों ने बताया कि साइड वाल कम से कम डेढ़ मीटर खुदाई कराया जाना था लेकिन बगैर मजबूत बेस के ही मनमानी कार्य कराया गया है, यदि जिला प्रशासन द्वारा उक्त कार्य का उच्च स्तरीय मूल्यांकन कराने की कार्रवाई की जाती है तो मनरेगा में किस तरह फर्जीवाड़ा कर कागजों में मनमानी मूल्यांकन/सत्यापन कर लाखों रुपए का बंदरबाट किया जा रहा का खुलासा हो सकता है। वहीं सूत्रों की माने तो उपयंत्री द्वारा चहेते सप्लायर के नाम पर फर्जी बिल लगाकर कमीशन लिया जा रहा है।

**सरकारी बजट पर सीधे तौर पर डांका**

# दो कक्षाओं के लिए 6 अतिथि और 2 रेग्युलर शिक्षक की तैनाती






## उच्चाधिकारियों की संलिप्तता से संलगनीकरण, नियमों की धज्जियां, शिक्षा विभाग की बर्बादी का जिम्मेदार कौन?

डिंडोरी।

डिंडोरी जिले में शिक्षा विभाग में लापरवाही और मनमानी की खबरें लगातार सामने आ रही है जहां शिक्षकों के स्थानांतरण नीति और हास्टल में मनमानी पूर्वक यथावत और हटाए जाने की नीति को लेकर विद्रोह कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इन्हीं अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी सामने आ रही है।

विकास खंड बजाग के जन शिक्षा केन्द्र बछरगांव में शासकीय हाई स्कूल जलदा बौना में कक्षा 9-10 की कक्षाएं संचालित है जहां 6 अतिथि शिक्षक और 2 नियमित शिक्षकों की नियुक्ति की गई। महत्वपूर्ण यह है कि एक ही विषय के दो अतिथि शिक्षक को रखा गया तथा दो अतिथि शिक्षकों को मानदेय भुगतान किया गया मतलब सीधे तौर पर 14000 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन सरकार की चपत लगाई गई। इसके अलावा उच्चाधिकारियों की लापरवाही की हद तो यहां तक है कि मनमानी पूर्वक पूरे विकास खंड में आवश्यकता से अधिक अतिथि शिक्षक की नियुक्ति की गई जिसकी जानकारी आर टी आई से मांगने पर भी विभागीय अधिकारियों ने बताना उपयुक्त नहीं समझा। जिससे अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति और भुगतान प्रक्रिया की लापरवाही पर भी इंकार नहीं किया जा सकता।

**श्रीराम मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन**

# पंडित मानवेन्द्र शास्त्री के मुखारविंद से हो रही धर्ममयी कथा



शहपुरा

स्थानीय श्रीराम मंदिर में पवित्र श्रावण मास के सुअवसर पर धर्ममय ज्ञानगंगा का प्रवाह हो रहा है विदित हो स्थानीय श्रीराम मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीमद भागवत पुराण का आयोजन सार्वजनिक सहयोग से किया जा रहा है जिसमे सुप्रसिद्ध कथावाचक व्यासपीठ पर पंडित मानवेंद्र शास्त्री जी के मुखारविंद से बहुत सहज सरल अभिव्यक्ति के साथ व्याकरण सम्मत सरलीकृत कथा वाचन किया जा रहा है, धर्ममय कथा के साथ दैनिक जीवन के सदाचरण नैतिक शिक्षा स्वच्छता पर्यावरण एवं समसामयिक राष्ट्रीयता के संदर्भों का समावेश कथा को और आकर्षक एवं ज्ञानमयी बनाता है, नित्यप्रति बड़ी संख्या में आबालवृद्ध जन महिला पुरुष भक्ति मय श्रीमद्भागवत श्रवण कर पुण्यलाभ ले रहे है।

# विधिक सेवा समिति तहसील शहपुरा के नेतृत्व में युवाओं ने किया 50 पौधों का रोपण

**न्यायाधीश कर्नल सिंह श्याम, अधिवक्ता संघ शहपुरा अध्यक्ष दयाराम साहू सहित विभिन्न संगठन के प्रतिनिधि रहे उपस्थित**

**पौधारोपण महाअभियान का लगातार 163 वें रविवार पौधारोपण सम्पन्न**



**शहपुरा।** मानवीय जीवन का आधार है पौधे। पौधों की कमी से जीवन का संतुलन बिगड़ने लगा है जिससे लोगों में कैंसर,दमा सहित अनेक बीमारियों की तादात बढ़ गई हैं। पौधे के महत्व को देखते हुए समिति डीएसएस के युवाओ ने पौधे लगाने और जन चेतना लाने के लिए पौधे लगा रहे है। युवाओं के पौधारोपण का जुनून इस कदर है कि युवा लगातार 3 वर्षों से पौधारोपण महा-अभियान चलाकर क्षेत्र में पौधारोपण कर रहे है ।इस महाअभियान में क्षेत्र के विभिन्न संगठन के प्रतिनिधि जुड़कर कार्य कर रहे है जिसमें भारतीय किसान संघ, विधिक सेवा समिति, डीएसएस मध्यप्रदेश एवं जनप्रतिनिधि का विशेष योगदान रहता है। इन दिनों मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के विशेष अभियान के तहत हर जिलों में न्यायालय के न्यायाधीश व कर्मचारीगण के द्वारा भी पौधारोपण किया जा रहा है । इसी क्रम में तहसील विधिक सेवा समिति शहपुरा भी बढ़-चढ कर भाग ले रही है, जिसमे न्यायाधीश कर्नल सिंह श्याम के उपस्थिति में ग्राम पंचायत बरगांव के बूढ़ी माई में 50 पौधों का रोपण किया गया ।न्यायाधीश ने कहा की हर किसी को जीवन में एक पौधा आवश्यक लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ शहपुरा के अध्यक्ष अधिवक्ता दयाराम साहू ने कहा की पौधे हमारे जीवन के अभिन्न भाग है पौधों के बिना जीवन संभव नही है । इस कार्यक्रम में न्यायाधीश कर्नल सिंह श्याम, अधिवक्ता संघ शहपुरा अध्यक्ष अधिवक्ता दयाराम साहू, भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारीलाल साहू,जिला कोषाध्यक्ष विवेकानन्द, तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य,राज्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष सोहन साहू, भा.ज.पा. मंडल शहपुरा मंत्री विजय साहू, डीएसएस मध्यप्रदेश सचिव एडवोकेट निर्मल साहू, अधिवक्ता विनय झारिया, इंजी. अनीष साहू, पत्रकार अनिल साहू, पत्रकार भीम शंकर साहू, संदीप गौलिया,पूर्व सरपंच नन्थू बनवासी, तहसील विधिक सेवा समिति लिपिक महेंद्र कुडापे, रीडर अरुण मरावी, पुलिस नाहर, रीडियोगृफर सुरेंद्र साहू, नितिन , मंजा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे है।

# मैया अभियान अंतर्गत डेम घाट घाट में स्वच्छता सेवा की गई

डिंडोरी।



माँ नर्मदा को समर्पित "मैया अभियान " अंतर्गत रविवार डेम घाट में स्वच्छता सेवा की गई। विदित है कि प्रतिदिन सैकड़ो संख्या में श्रद्धालु डेम घाट में पूजा अर्चना एवं श्रद्धा की डुबकी लगाते हैं। मैया अभियान के साथ जन शिक्षण संस्थान की महिला कार्यकर्ताओं श्रीमती रीता मिश्रा के नेतृत्व में घाट में फैले कचरे की सफाई की गई। बाढ़ के कारण मुख्य नर्मदा घाट में फैले प्लास्टिक पन्नियों , कपड़े एवं कापू को साफ कर लगभग एक टैक्टर प्रदूषक निकाला गया। मैया अभियान लगभग 3 वर्षो से लगातार जारी है इसमें सरकारी कर्मचारी ,विद्यार्थी एवं नगर निवासी स्वेच्छा से प्रत्येक रविवार प्रातः 7 बजे से श्रम दान करते हैं ।मैया अभियान के सभी सदस्यों ने नगर वासियों ,कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि प्रत्येक रविवार प्रातः 7 बजे स्वच्छ्ता सेवा में शामिल होकर माँ नर्मदा को निर्मल बनाए।रविवार को डॉ संतोष परस्ते आयुष विभाग , वरिष्ठ शिक्षक शाहिद खान, नेहरू युवा केन्द्र से आर पी कुशवाहा , शिक्षक जितेन्द्र दीक्षित ,पशु चिकित्सा से गणेश गवले ,प्रयास कोचिंग मनोज चौकसे , रक्त देवदूत भागवत यादव ,प्राचार्य राम विशाल मिथलेश , विद्यार्थी माही बोरोतिया, अवध गोहिया , याथार्त यादव , संतोष परमार जन शिक्षण संस्थान से श्रीमती रीता मिश्रा , मिथलेश परस्ते , लक्ष्मी बर्मन , जान्हवी ,लक्ष्मी तेकाम, अंकिता ,शुभी ,सोनाली ने नर्मदा सेवा में योगदान देकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।

**डिण्डौरी पुलिस का नशा मुक्ति अभियानः**

# चालकों, स्कूली बच्चों और छात्रावास की बालिकाओं को किया जागरूक



डिण्डौरी ।





जिले में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर लगाम लगाने और जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से डिण्डौरी पुलिस द्वारा एक व्यापक नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत थाना यातायात पुलिस ने बस चालकों, ऑटो चालकों, आम नागरिकों, स्कूली छात्रों और छात्रावास की बालिकाओं को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया।

अभियान का नेतृत्व यातायात थाना प्रभारी श्री सुभाष उईके एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। पुलिस टीम ने शहर के मुख्य मार्गों और बस स्टैंड क्षेत्रों में वाहनों को रोककर चालकों को समझाइश दी कि नशा न केवल उनकी सेहत बल्कि उनके परिवार और समाज के लिए भी गंभीर खतरा है। इस अवसर पर नशा मुक्ति से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

स्कूल बसों को रोककर बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही उनके माता-पिता से अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने बच्चों को भी इससे दूर रखने के लिए सजग रहें।

इसी कड़ी में चौकी विक्रमपुर स्थित सीनियर बालिका छात्रावास में भी एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं को बताया कि नशा व्यक्ति की मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करता है। इससे न केवल व्यक्ति का जीवन संकट में पड़ता है, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी डगमगा जाती है।

डिण्डौरी पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान समाज को नशे की गिरफ्त से मुक्त कर एक सुरक्षित, स्वस्थ और जागरूक वातावरण निर्मित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खिलाफ प्रेरित करें।

# राजेन्द्रग्राम के तीन पत्रकार बने हीरो राहवीर योजना में होंगे सम्मानित

## सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की बचाई थी जान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार केंद्र तक पहुंच कर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2025 से संपूर्ण भारत में राहवीर योजना लागू की गई है, जिसे मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 3 जून 2025 से प्रदेश मे प्रारंभ किया गया, इस योजना को पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार अनूपपुर पुलिस द्वारा सक्रियता से लागू किया जा रहा है, विगत एक माह में सात प्रस्ताव राहवीर योजना के अंतर्गत पुरस्कार के लिए भेजे जा चुके हैं। इसी क्रम में 12/07/25 को बेनीबारी से तुलरा के बीच घटित सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को स्वयं के वाहन से बेनीबारी स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने वाले तीन नेक व्यक्तियों के प्रस्ताव पुरस्कार हेतु थाना करणपठार द्वारा भेजे गए हैं।



### घायल की ऐसे बचाई जान

12 जुलाई को दोपहर 3 बेनीबारी से तुलराग्राम की ओर जाने वाले रोड पर धूमकापा के पास मोटरसाइकिल फिसलने से घटित दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक के सिर में गंभीर चोट आई थी, जो सड़क पर अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसे राजेंद्रग्राम निवासी सुनील गुप्ता, आशीष सेन एवं आशुतोष सिंह द्वारा स्वयं के वाहन से बेनीबारी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज शहडोल के लिए रेफर किया गया। तीनों नेक व्यक्तियो की तत्परता के कारण घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में प्राथमिक उपचार प्राप्त हुआ, जिससे घायल व्यक्ति की जान को बचाया जा सका। इस नेक कार्य के प्रोत्साहन स्वरूप राहवीर योजना के तहत पुरस्कार के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

## सोनमुड़ा व कपिलधारा ग्लास व्यू प्वाइंट पर बढ़ा खतरा ठेकेदार की मनमानी से दुर्घटना की आशंका

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित सोनमुड़ा एवं कपिलधारा पर्यटक स्थलों पर स्थापित ग्लास व्यू प्वाइंट अब पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र तो बन चुका है, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण यह दर्शनीय स्थल दुर्घटना को आमंत्रण देने लगा है। मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम की "महिती प्रसाद योजना" के अंतर्गत निर्मित इस रोमांचक ग्लास प्लेटफार्म को नगर परिषद अमरकंटक के माध्यम से एक निजी ठेकेदार को संचालन हेतु सौंपा गया है, लेकिन अब ठेकेदार व उसके कर्मचारी सुरक्षा मानकों और नियमों को धता बताते हुए निर्धारित भार क्षमता से कहीं अधिक पर्यटकों को एक साथ ग्लास व्यू प्वाइंट पर भेज रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एक ही गांव के दो युवकों ने खाया जहर, मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र तेंदूखेड़ा के ग्राम डोभी में दो युवकों द्वारा कुछ ही समय के अंतराल मे दो युवकों द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्र पटेल पिता छोटेलाल पटेल उम्र 32 वर्ष एवं सौरभ पटेल पिता सुजान सिंह पटेल उम्र 27 वर्ष दोनो निवासी डोभी थाना तेंदूखेड़ा द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार के दौरान दोनो की मौत हो गई। पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनो को सौंप दिया।

### निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुष्क दिवस के अवकाश जारी

**सिवनी** / कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिवनी सुश्री संस्कृति जैन ने पंचायत उप निर्वाचन 2025 अंतर्गत मतदान एवं मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कम्पोजिट मदिरा दुकान अरी एवं कम्पोजिट दुकान धूमा ए तथा कम्पोजिट मदिरा दुकान धूमा बी से मतदान समाप्ति होने के 48 घंटे पूर्व अर्थात 20 जुलाई शाम 3:00 बजे से दिनांक 22 जुलाई 2025 को मतदान समाप्ति तक की अवधि के लिए मदिरा का क्रय/विक्रय निषेध रखने के आदेश जारी किये है।

### ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**सिवनी/-** जनजातीय कार्य विभाग एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से संचालित 21 वी सदी के जीवन कौशल आधारित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 19/07/2025 को कन्या शिक्षा परिसर सिवनी में संपन्न हुआ।जिसमें सिवनी जिले के प्रत्येक जनजातीय विकासखंड के मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित हुए। उक्त प्रशिक्षण में सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम को लेकर मास्टर ट्रेनर्स की समझ विकसित की गई एवं उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चाएं की गई। एवं प्रथम वर्ष के कार्यक्रम की उपलब्धि एवं चुनौतियां पर समूह मंथन किया गया। एवं आगामी समय में प्रत्येक विकासखंड स्तर पर होने वाले आगामी शिक्षक प्रशिक्षण, जन शिक्षक प्रशिक्षण की रूपरेखा पर भी चर्चाएं की गई।

### कुएं में मिला वृद्ध महिला का शव

पुलिस चौकी बादलपार अंतर्गत ग्राम पंचायत थावरझोड़ी के ग्राम बाबूटोला में शनिवार दोपहर घर के सामने बने कुएं में वृद्ध महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा जिसकी सूचना पुलिस चौकी में दी गई। बाबूटोला निवासी महिरा बाई भलावी उम्र 60 वर्ष की अज्ञात कारणों से कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना दोपहर लगभग 1 बजे के आस पास की बताई गई। पुलिस चौकी बादलपार प्रभारी आर एस राजपूत द्वारा मौके में पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु कुरई भेजा गया है। वही मामले में विवेचना जारी है।

### खेत मे बने कुएँ मे गिरे जंगली सुअर

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी वन परिक्षेत्र के ग्राम सावंगी के तुमड़ीटोला ने शनिवार की रात खेत के कृषि का कार्य कर रहें किसान क़ो अचानक कुएँ से जंगली जानवर की आवाज सुनाई दे रही थीं ज़ब किसान ने कुएँ के पास जाकर देखा तो उसे जंगली सुअर कुएँ मे गिरे दिखाई दिए जिसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी वारासिवनी वन अमले को दी गई मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से कुएं में गिरे 12 जंगली सूअरो का सुरक्षित रेस्क्यू कर बहार निकाल गया और सुरक्षित जंगल मे छोड़ दिया इस दौरान उपवन ताराचंद डोंगरे,वनरक्षक शैलेंद्र जगजीवन,भवानी प्रसाद बिसेन, रत्नदीप बोरकर, अशोक परते, जगदीश बांगडे, हितेश चचाने सहित वनकर्मी मौजूद रहे।

## अपने स्वरूप को पहचानें, धर्मांतरण से रहे सावधान

# सनातन की आत्मा है रामचरित मानसः शंकराचार्य जी महाराज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम चातुर्मास प्रवचन माला चातुर्मास के आठवें दिवस धर्म सम्राट, द्वारका शारदा पीठाधीश्वर, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने उपस्थित जनसमुदाय को धर्म रक्षा, सांस्कृतिक जागरण और रामकथा के दिव्य रहस्यों से ओतप्रोत प्रेरणाप्रद प्रवचन दिया। धर्मांतरण और षड्यंत्रों से सावधान रहने की आवश्यकता, महाराज श्री ने स्पष्ट कहा कि धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे षड्यंत्रों से देश की आत्मा को चोट पहुँच रही है। अगर हम सजग नहीं हुए, तो हमारे मठ, मंदिर और आश्रम जो सनातन धर्म की आत्मा हैं निष्प्राण हो जाएंगे। उन्होंने भावगर्भित शब्दों में यह भी कहा धर्म बदला नहीं जा सकता, क्योंकि यह हमारे माता-पिता के रक्त से आया है। जब उनका रक्त नहीं बदला जा सकता, तो धर्म कैसे बदला जा सकता है? महाराजश्री ने यह भी जोड़ा कि जो लोग अपने धर्म, शास्त्र और संस्कृति की उपेक्षा करते हैं, वे आत्म-विकास की दिशा खो देते हैं। हमें अपने मूल स्वरूप और आध्यात्मिक शक्ति को पहचानना होगा।

### राम जन्म के पूर्व ही लिखी गई थी रामायण

प्रवचन का अत्यंत भावनात्मक और अद्भुत पक्ष तब आया जब शंकराचार्य जी महाराज ने वाल्मीकि रामायण की दिव्यता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा वाल्मीकि जी ने राम के प्राकट्य से पहले ही रामायण की रचना कर दी थी। कहा जाता है कि मूल रामायण 100 करोड़ श्लोकों में रची गई थी, हालांकि वर्तमान में केवल 24,000 श्लोक उपलब्ध हैं। इस अद्भुत ग्रंथ को देखकर देवताओं ने स्तुति की और भगवान शिव ने उसकी एक प्रति अपने पास सुरक्षित रख ली। सीता जी ने कहा 'यदि में नहीं जाऊँगी, तो रामायण झूठी हो जाएगी। महाराज श्री ने रामायण का एक भावपूर्ण प्रसंग सुनाते हुए कहा जब भगवान राम को कैकयी के वरदानों के कारण वनवास मिला, तब माता सीता भी साथ चलने को तत्पर हुईं। भगवान राम ने उन्हें रोका पर माता सीता ने कहा बचपन में मेरी मां मुझे रामायण सुनाती थीं, जिसमें लिखा था कि वनवास में सीता भी राम के साथ गई थीं। यदि मैं अब नहीं गई, तो वह रामायण झूठी हो जाएगी।

### ऋषियों की थी दिव्य दृष्टि

महाराज श्री द्वारा भक्तों को धार्मिक कथा के दौरान आगे बताया गया कि यह सुनकर भगवान श्रीराम मौन रह गए। यह प्रसंग श्रोताओं को भावविभोर कर गया। महाराजश्री ने कहा कि रामायण कोई साधारण कथा नहीं, बल्कि भविष्यदृष्टा ऋषियों की दिव्य दृष्टि का परिणाम है। करुणा से फूटी काव्यधारा, क्रौंच वध और ब्रह्मा का दर्शन कराया। वाल्मीकि रामायण की रचना की पृष्ठभूमि बताते हुए शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि एक दिन वाल्मीकि जी तमसा नदी के किनारे स्नान को गए। वहीं उन्होंने मैथुनरत क्रौंच पक्षी जोड़े को देखा, जिसमें नर पक्षी को बहेलिए ने बाण से मार दिया। उस पीड़ा से द्रवित होकर उनके मुख से स्वतः श्लोक निकला यही आदि काव्य का जन्म था। बाद में स्वयं ब्रह्मा जी प्रकट हुए और उन्हें रामकथा रचने की आज्ञा दी।

### सनातन की आत्मा रामायण

अपने प्रवचन का सार बताते हुए शंकराचार्य जी महाराज ने कहा रामायण केवल ऐतिहासिक ग्रंथ नहीं, यह जीवन की चेतना है। इसमें आत्मा, धर्म और मर्यादा के साथ भावनाओं की पवित्र धारा बहती है। यदि हम रामायण को आत्मसात करें, तो जीवन की दिशा भी बदल सकती है और समाज की दशा भी। महाराजश्री के प्रवचन में धर्म-संरक्षण, साहित्य की महिमा, नारी दृढ़ता, और ऋषियों की दृष्टि का संगम देखने को मिला। चातुर्मास की यह सभा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का प्रेरक उत्स बन रही है। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु बंधुओ ने पहुंचकर धर्म लाभ उठाया।

## बताई गई पेंटिंग की बारीकियां



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस किडजी कमल प्री स्कूल में मानसून कार्निवल प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत पेरेंट्स के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। पेरेंट्स द्वारा प्लेन अंब्रेला के ऊपर आकर्षक पेंटिंग बनाई गई। जिसके जज जिला के गौरव आर्टिस्ट प्रोफेसर डॉक्टर यतेंद्र महोबे ने प्रथम पुरस्कार मोनिका अभिमन्यु चैहान, द्वितीय पुरस्कार रोशनी संदीप रजक, तृतीय पुरस्कार श्रीमती आरती शुभम साहू को प्रदान किया। इसके बाद सभी लोगों ने मिलकर वृक्षारोपण किया। श्री महोबे द्वारा सभी पेरेंट्स को पेंटिंग की बारीकियां बताई एवं नौनिहालों को पेंटिंग के प्रति रुचि जागृत करने की बात कही।

## नशा मुक्ति का दिया संदेश, विद्यार्थियों को किया जागरूक




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले मे चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थी तथा आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में पोस्टर के जरिए नशे से दूरी का संदेश दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नशे से दूरी है जरूरी विशेष अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा ऑटो, बस एवं अन्य वाहनों पर नशा मुक्ति का संदेश पहुँचाने हेतु पोस्टर चस्पा कर चालकों से संपर्क स्थापित किया जाकर चालकों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया गया एवं नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने हेतु शपथ दिलाई गयी। इसी प्रकार जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का निरंतर भ्रमण किया जा रहा है भ्रमण के दौरान पुलिस टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने हेतु पोस्टर चस्पा कर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जागर नागरिकों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हे नशा छोडने हेतु समझाईस दी गयी एवं नशे के अवैध कारोबार पर प्रतिबंध लगाने हेतु क्षेत्रीय जनों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु अपील की गयी। नशे से दूर रहकर अपने जीवन, परिवार और समाज को सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध बनाएं।



## नगर के मंदिरों में चल रहे हैं शिव अभिषेक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय जिला सहकारी बैंक के पीछे स्थित शिवबापू धाम मंदिर में पावन श्रावण मास के दौरान पूज्य संत स्वामी अमृतानंद जी के सानिध्य में प्रतिदिन शिव महाभिषेक पूजन अर्चन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें यजमानों को पूजन सामग्री पूज्य स्वामी जी के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। सभी भक्तों से निवेदन है कि अधिक से संख्या में पधारकर इस पावन अवसर का लाभ उठायें एवं अभिषेक में सहभागी बनकर पुन्य लाभ लेकर मानव जीवन सफल बनायें। पूज्य महाराज जी द्वारा रामचरितमानस के 108 अखण्ड पाठ आयोजन किया गया है यह अखण्ड पाठ निरन्तर चार माह चलेगा इस आयोजन में सभी भगवत प्रेमी भक्त सादर आमंत्रित हैं। अखण्ड रामायण पाठ में भाग लेकर पूज्य महाराज के जन कल्याण हितार्थ लिए गये संकल्प को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान कर धर्म लाभ प्राप्त करें। पूरा नगर धर्म में बना हुआ है जगह-जगह हर मंदिरों में शिव अभिषेक चल रहे हैं।

## पवित्र श्रावण मास में संगीतमय सुंदरकांड आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।** स्थित बीते दिवस सराफा बाजार में खरया आभूषण में रात्रि 8:30 बजे से पंडित दशरथ दुबे के आचार्यत्व में पूर्ण विधि विधान से अजीत नीरज पंकज अमित खरया आभूषण परिवार द्वारा पूजन के पश्चात संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन समस्त धर्म प्रेमी एवं परिवार के सदस्यों के द्वारा धर्ममय वातावरण में संपन्न हुआ जिसमें परिवार के सभी सदस्य एवं धार्मिक धर्मप्रेमीजन उपस्थित जनों ने हनुमानजी का प्रिय सुंदरकांड का संगीतमय पाठ भक्ति भाव से किया गया वहीं पंडित दशरथ दुबे ने बताया की श्रावण मास में सुंदरकांड पाठ करना अत्यधिक पुण्यदायी माना जाता है। श्रावण मास भगवान शिव और हनुमान जी दोनों की पूजा के लिए विशेष महत्व रखता है। इस मास में हनुमान चालीसा का पाठ करना बहुत शुभ माना जाता है। श्रावण मास में हनुमान जी की पूजा करने से विशेष लाभ होता है, इसलिए इस मास में हनुमान जी की पूजा अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर समस्त खरया परिवार सहित धर्म प्रेमी श्रद्धालु जनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाया।

## भक्त की निस्वार्थ भक्ति से देव भी होते हैं वशीभूत- प्रबुद्ध सागर जी

**हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।**



सिद्धालय में भले ही सिद्ध ना दिखें तो भी उनका अस्तित्व होता है । जैसे हवा है। लेकिन वह दिखाई नहीं पड़ती। ठीक उसी तरह सिद्ध भगवान हैं। वह है तो लेकिन दिखाई नहीं दे रहे। यह बात मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने अपने धर्म प्रवचनों में बतलाई। आपको बतादें कि की आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रवचन आशीर्वाद एवं नवरी 108 श्री समय सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से गोटेगांव नगर में मुनिश्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज सत्संग का चातुर्मास हो रहा है। श्री 1008 शांतिनाथ जिनालय के विद्यासागर सभागार में धर्म प्रवचन करते हुए मुनि श्री ने धार्मिक लेकिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण स्पष्ट करते हुए कहा कि मनुष्य को कभी भी यह धारणा नहीं बनानी चाहिए कि जो दिखाई दे वही है, उसी का अस्तित्व है, बाकी कुछ नहीं। जबकि वैज्ञानिक वास्तविकता यही है कि हर वस्तु का अस्तित्व होता है। जैसे आवाज दिखाई नहीं देती। लेकिन वह कानों को सुनाई तो देती है। कई वस्तुएं तत्व बगैर भी स्पर्श और सुनने से महसूस की जाती हैं। मुनि श्री ने कहा कि देव भी भक्त से वशीभूत भले ही ना हो लेकिन भक्त की अटूट श्रद्धा से परिपूर्ण भक्ति से वशीभूत जरूर होते हैं। अपनी बात को और अधिक स्पष्ट करते हुए मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने बतलाया कि द्रोणाचार्य और एकलव्य का उदाहरण सबके सामने है, कि किस तरह द्रोणाचार्य ने एकलव्य को शिक्षा देने से मना कर दिया। तब एकलव्य ने वन में गुरु की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर उसी को श्रद्धान्वत मानते हुए विद्या सीख ली। ठीक इसी तरह यदि व्यक्ति सही तरीके से भगवान के प्रति भक्ति में ध्यान लगाएगा तो एक दिन उसे भगवान अवश्य ही प्राप्त हो जाएंगे। मुनि श्री ने कहा आप सबको गुरु के प्रति समर्पण रखना चाहिए। गुरु का आदेश बगैर किसी संशय के सदैव अमल में लाना चाहिए। क्योंकि मोक्ष मार्ग में गुरु बनाने से ही सफल हुए हैं। गुरू बिना जीवन में कोई भी सफल नहीं हो सकता। गुरु दूरदर्शी होते हैं। जिनशासन की प्रभावना ऐसे तपस्वियों गुरुओं से ही होती है। इस अवसर पर मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी के प्रवचनों से पहले परम पूज्य आचार्य गुरु और विद्यासागर जी महाराज का भाव पूजन भक्ति भाव पूर्वक किया गया।

## नरसिंहपुर पुलिस द्वारा नशे से दूर रहने किया जा रहा जागरूक




**तेंदूखेड़ा** इन दिनों मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा पूरे प्रदेश में 15 जुलाई से 31 जुलाई तक नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने के लिए जागरुक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत नरसिंहपुर पुलिस सुपरिटेंडेंट श्रीमती मृगाखी डेका एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के नेतृत्व में सर्वोदय महिला महाविद्यालय एवं सर्वोदय विद्यालय तेंदूखेड़ा में छात्र छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती पूजन अर्चन के उपरांत अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ प्रकाश जैन तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डा श्रीमती किरण प्रभा जैन सर्वोदय विद्यालय के प्राचार्य कमल कुमार शास्त्री अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा जीवन को पतन की ओर ले जाता है। यह शारीरिक मानसिक हानि के साथ-साथ पारिवारिक सामाजिक वातावरण को भी प्रदूषित करता है । जो व्यक्ति नशे की लत में फस जाता है वह जीवन में कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता है । अतः छात्राओं को स्वयं नशे की आदत से दूर रहते हुए आसपास के अपने सभी लोगों को भी इससे दूर रहने के लिए जागरूक करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका ने छात्र-छात्राओं को विस्तार से समझाते हुए कहा कि यह समय आप लोगों के लिए शिक्षा में पूरी तरह से एकाग्र होने और अपने भविष्य को संवारने का समय है। अपने पूरे समय का सदुपयोग अध्ययन में ही करना चाहिए । गया हुआ समय कभी वापस नहीं आता है इसलिए अपने पूरे समय का सदुपयोग पढ़ाई में ही करना चाहिए । हम स्वयं को रोशन करेंगे तो परिवार समाज राष्ट्र भी रोशन हो जाएगा। नशे की लत में पड़कर व्यक्ति अपने जीवन को बर्बाद कर लेते हैं अनेक गंभीर बीमारियों के शिकार तो होते ही हैं ।परिवार में लड़ाई झगड़ा होते रहते हैं। अपराध की ओर कदम बढ़ाकर जेल की सलाखों के पीछे पहुंच जाते हैं। इसलिए छात्राओं को संकल्प लेना चाहिए की नशे की आदत से स्वयं दूर रहेंगे और लोगों को भी इससे दूर रहने के लिए जागरूक करेंगे।इस मौके पर नगर निरीक्षक सौरभ पटेल के द्वारा अधिकारियों का स्वागत किया गया। तथा उपस्थित सभी छात्र छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षकों को नशा ना करने की शपथ दिलाई गई।इस मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## श्री संकट मोचन को इमरती जलेबी का लगा भोग



**हरिभूमि न्यूज - गोटेगांव।**

**विगत दिवस स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदा खंड महाआरती समिति के तत्वाधान में श्री राम भक्त हनुमानजी की महाआरती पं. दीपक तिवारी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ बजरंग सेवा उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू परिवार द्वारा पूजन अर्चन कर इमरती जलेबी का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किए जाने के उपरांत उपस्थित श्रद्धालु जनों ने सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति, श्री हनुमान चालीसा श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया।**

गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को हनुमान लला की संगीतमय महाआरती विगत 5 वर्षों से भी अधिक समय एवं 292 वें सप्ताह से निरंतर जारी साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति आकाशवाणी कलाकार संदीप तिवारी पप्पू सोनी धर्मेंद्र चैबे विद्याचरण पाराशर सालकराम साहू, सुशीलदुबे विजेंद्र एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुई इस अवसर पर नर्मदाप्रसाद गुप्ता, रघुनाथ राय भगवान दास बीडी साहू राजकुमार साहू मुकेश साहू शिवशंकर साहू घनश्याम साहू सूर्यांश साहू सत्यम नेमा सहित नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही।.

## गुरु वचन ही उपादेय हैः आर्यिका सिद्धांतमति माताजी

**तेंदूखेड़ा**



संत शिरोमणि आचार्य भगवान 108 श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज की परम शिष्य एवं आचार्य भगवान श्री समय सागर जी महाराज की आज्ञानुवर्ती 105 आर्यिका सिद्धांत मति माताजी 105 आर्यिका पुनीत मति माताजी 105 आर्यिका विनय मति माताजी ससंघ का मंगलमय वर्षायोग धर्म नगरी तेंदूखेड़ा में हो रहा है। माताजी जैन मंदिर प्रांगण में विराजमान है प्रतिदिन महान आचार्यों द्वारा प्रणीत ग्रंथों का स्वाध्याय अध्ययन चल रहा है । प्रातः काल की बेला में जिनेंद्र देव का अभिषेक पूजन के उपरांत साढ़े 8 बजे से राजर्षि अमोघवर्ष द्वारा रचित प्रश्ननोत्तर रत्न मालिका ग्रंथ का स्वाध्याय 105 आर्यिका सिद्धांत मति माताजी के द्वारा कराया जा रहा है। माताजी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस संसार में गुरु के वचन ही उपादेय अर्थात ग्रहण करने योग्य होते हैं । और जो कार्य हमारे हित में नहीं होते हैं वह कार्य नहीं करना चाहिए ।सच्चा गुरु वही है जो सांसारिक विषय वासनाओं से सदैव दूर रहते हैं सभी प्रकार के आरंभ परिग्रह के त्यागी होते हैं ज्ञान ध्यान और तप में लीन रहते हैं । संसार के सभी प्राणियों के कल्याण में निरत रहते हैं। ऐसे गुरुओं के वचन प्रमाणिक होते हैं । गुरु के मुख से जो भी वचन निकलते हैं वह प्रमाणिक होते हैं गुरु जो कहते हैं हमें उनका अक्षरशः पालन करना चाहिए। क्योंकि गुरु शिष्य की भलाई के लिए ही उपदेश देते हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। गुरु को भगवान का दर्जा भी दिया गया है क्योंकि भगवान क्या होते हैं हमें यह गुरु ही बताते हैं इसलिए जीवन में जैसे परिवार में एक फैमिली डॉक्टर होता है उसी प्रकार जीवन में गुरु भी होना चाहिए।